# औद्योगिक क्षेत्र बाथू, टाहलीवाल जिला ऊना में पटाखा फैक्ट्री में हुए विस्फोट की घटना के संदर्भ में।

दिनांक <u>24.02.2022, 09:00 AM</u> तक

दिनांक 22.02.2022 को सुबह के समय पटाखा फैक्टरी वेला वाथड़ी में विस्फोट हुआ था। प्रभारी चौकी टाहलीवाल के नेतृत्व में एक पुलिस टीम तुरन्त मौका पर पहुंच गई थी। यह घटना फैक्टरी मालिक की लापरवाही के कारण घटित हुई , क्योंकि पटाखों के अन्दर भरे जाने वाले विस्फोटक के रखरखाव हेतु कोई उपयुक्त प्रबन्ध नहीं था। घटना के उपरांत फैक्टरी मालिक मौका से भाग गया था। उपरोक्त घटना पर फैक्टरी मालिक के विरूद्ध अभियोग सं0 41/2022 दिनांक 22.02.2022 अधीन धारा 286,337,304ए भा0द0स0 एवं धारा 9 सी0 विस्फोटक अधिनियम के अर्न्तगत थाना हरोली में पंजीकृत किया गया है।

**अन्वेषण के दौरान** दिनांक <u>24.02.2022, 09:00 AM</u> तकः–

- मामले की गम्भीरता को देखते हुए पुलिस महानिदेशक, हिमाचल प्रदेश ने श्रीमति सुमेदा द्विवेदी, पुलिस उप महानिरीक्षक, उत्तरी खण्ड, धर्मशाला के नेतृत्व में एक विशेष अन्वेषण दल (Special Investigation Team) का गठन किया है, जिसमें श्री विमुक्त रंजन, समादेशक, प्रथम भारतीय आरक्षित वाहिनी, बनगढ़ व श्री अर्जित सेन ठाकुर, पुलिस अधीक्षक, ऊना को दल का सदस्य बनाया गया है। विशेष अन्वेषण दल (SIT) ने मामले की गम्भीरता को समझते हुए त्वरित कार्यवाही अमल में लाई।

- घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण करने के उपरांत घटनास्थल के फोटोग्राफस लिए गए व घटना से महत्वपूर्ण भौतिक, दस्तावेजी व अन्य साक्ष्यों को कब्जे में लिया गया।
- विस्फोट के कारणों व विस्फोटक के प्रकार की पुष्टि हेतु बम डिस्पोजल दल धर्मशाला व RFSL धर्मशाला की टीम ने मौका का निरीक्षण किया।
- उपरोक्त फैक्टरी पहले Novatech Engineers Ludhiana थी जो कि बाद में अवैध तरीके से, विना किसी पंजीकरण के Jai Guru Ji को दी गई। यह फैकट्री खसरा नम्बर 409 में स्थित है। जिसका कुल क्षेत्र 80 ft. X 69 ft. है तथा जिस शैड में बिस्फोट हुआ उसका कुल क्षेत्र 69 ft. X 24 ft. है।
- उपरोक्त अभियोग में विशेष अन्बेषण दल नें उपरोक्त फैक्टरी के मैनेजर श्री दीपक कुमार राणा को दिनांक 23/02/2022 को हिरासत में ले लिया है । पुलिस ने आरोपियों के दो ठिकानों पर दविश देकर भारी मात्रा में पटाखे, बारूद एवं पैकिंग सामग्री बरामद की है। कुल बरामद **Gun Powder - 1926.05 Kg.** तथा **Paint -90 Liters** है।
- पुलिस द्वारा एक लैपटाप और एक कार को भी कब्जा में लिया गया है।
- इसके अतिरिक्त तीन टीमें संदिग्धों की CDR लोकेशन के आधार पर उनकी गिरफतारी हेतु बाहरी क्षेत्रों में भेजी गई हैं। जोकि उनके संभावित ठिकानों पर लगातार रेड कर रही हैं।
- उपरोक्त घटना में मारे गए 06 लोगों का पोस्टमार्टम ऊना अस्पताल मे करवाया जा चुका है। तथा शवों को उनके परिजनों के सपुर्द किया गया।
- विस्फोट में हुए घायल हुए 14 लोगों में से 10 मरीजों को गंभीर अवस्था में पी० जी० आई० चंडीगढ़ रैफर किया गया।
- आरोपी फैक्टरी मालिक की गिरफतारी हेतु पुलिस टीमें तैयार करके विभिन्न संभावित स्थानों पर छापेमारी हेतु भेजी गई हैं।

- अभियोग में धारा 304 भा0 दं0 सं0 व धारा 05 विस्फोटक पदार्थ अधिनियम लगाई गई।
- सात संदिग्धों व साक्षियों से पूछताछ की गई।
- करनाल में एम0 बी0 एस0 ट्रेड़िंग कम्पनी के गोदाम में छापामारी की गई (यहां पर इस पटाखा फैक्टरी में निर्मित पटाखे भेजे गए थे)
- **अभियोग में विशेष अन्वेषण दल द्वारा अगामी जांच प्राथमिकता से की जा रही है तथा अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी शीघ्र की जायेगी ।**

## जिला ऊना में पटाखा फैक्ट्री में हुए विस्फोट में मृतकों की सूची

| कमांक | मृतक का नाम व पता |
|---|---|
| 01 | श्रीमति अख़्तूरी पत्नी श्री अनवर हुसैन निवासी बिलासपुर, जिला रामपुर, उत्तर प्रदेश। |
| 02 | उन्वाता पुत्री श्री अनवर हुसैन निवासी बिलासपुर, जिला रामपुर, उत्तर प्रदेश। |
| 03 | शीने पुत्री श्री नयन निवासी फ़तेहगंज, जिला बरेली, उत्तर प्रदेश। |
| 04 | रजनी पुत्री श्री करतार चंद निवासी दालेवाल गढ़शंकर, होशियारपुर। |
| 05 | श्रीमति मोनिका पत्नी श्री दीपक निवासी बाथरी, तह0 हरोली, जिला ऊना। |
| 06 | श्रीमति सुनीता पत्नी श्री करतार चंद निवासी भांगला, तह0 नंगल, जिला रोपड़। |

## घटना में घायलों की सूची

| कमांक | घायल का नाम व पता |
|---|---|
| 01 | श्रीमति लासरत पत्नी श्री अली हसन निवासी संतोखगढ़, तह0 व जिला ऊना। |
| 02 | निसरा पुत्री श्री नोसे निवासी संतोखगढ़, तह0 व जिला ऊना। |
| 03 | श्रीमति हसभारी पत्नी श्री नोसे निवासी संतोखगढ़, तह0 व जिला ऊना। |
| 04 | जोशी पुत्र श्री चन्द्रपाल निवासी बाथरी, तह0 व जिला ऊना। |
| 05 | श्रीमति नसरीन पत्नी श्री सलीम निवासी गांव व डा0 संतोखगढ़, तह0 व जिला ऊना। |

| | |
|---|---|
| 06 | श्रीमति इमरात पत्नी श्री मोहम्मद मौसीन निवासी गांव व डा0 संतोखगढ़, तह0 व जिला ऊना। |
| 07 | श्रीमति आसमा पत्नी श्री मूल निवासी गांव व डा0 संतोखगढ़, तह0 व जिला ऊना। |
| 08 | श्रीमति नवीसा पत्नी श्री अब्दुल जावेद निवासी गांव व डा0 संतोखगढ़, तह0 व जिला ऊना। |
| 09 | मुस्कान पुत्री श्री छोटे सलीम निवासी गांव व डा0 संतोखगढ़, तह0 व जिला ऊना। |
| 10 | फराह पुत्री श्री सागीर अहमद निवासी गांव व डा0 संतोखगढ़, तह0 व जिला ऊना। |
| 11 | श्रीमति जाफ़री पत्नी श्री नूर मोहम्मद निवासी गांव व डा0 संतोखगढ़, तह0 व जिला ऊना। |
| 12 | इसरायल पुत्र श्री गुड्डु निवासी बाथरी, तह0 व जिला ऊना। |
| 13 | प्रवीण पुत्री श्री नन्हे निवासी फतेहगंज, जिला बरेली। |
| 14 | श्रीमति शकीला पत्नी श्री अली हसन निवासी गांव व डा0 संतोखगढ़, तह0 व जिला ऊना। |